तापमान
अधिकतम 41.2 डिग्री
न्यूनतम 20.9 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 2 मई 2025

श्रीमद्भागवत कथा में 7 अंक का विशेष महत्व है... 11



सरकारी स्कूलों की हालत सुधारने में जुटे... 12



## शहर में आज

- अंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से
- रोडवेज डिपो में कर्मचारी यूनियन की बैठक होगी
- उपायुक्त अपने कार्यालय में सुनेंगे समस्याएं

## बिजली कट

- सुबह 8 से 11 बजे तक बस स्टैंड फीडर, खोखरा कोट, राजीव विहार, कबीर कालोनी, बालकनाथ कालोनी, सुंदरपुर रोड
- सुबह 7 से 10 बजे तक हरिनगर, शक्तिनगर, ग्रीन रोड, मस्तनाथ स्कूल, छोटूराम चौक, सिचाई भवन, जिला विकास भवन, डीएलएफ कालोनी

## खबर संक्षेप

### पुरिधाम में दुर्गा स्तुति का पाठ आज

**रोहतक।** स्वामी बालकपुरी महाराज की असीम कृपा से पुरिधाम के प्रांगण में जगत जननी मां आदिशक्ति दुर्गा भवानी मां शेरोंवाली के निमित्त पुरिधाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कर्णपुरी के सानिध्य में 501 श्री दुर्गा स्तुति के पाठ का 2 मई को आयोजन किया जाएगा। पाठ का समय शाम 5 बजे से 7 बजे तक रहेगा। माता सत्यम देवा महामाई का गुणगान करेंगी। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2024 में आयोजित एमए अंग्रेजी पंच वर्षीय के पांचवें सेमेस्टर की फुल व री-अपीयर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। एसोसिएट कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने अपने ही घर में चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। कलानौर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि गांव गरनावठी निवासी विवेक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि विवेक का छोटा भाई विशाल है। 29-30 अप्रैल की रात को दोनों भाई तूड़ा उतारने का काम कर रहे थे। सुबह के समय घर से 70 हजार व सोने के आभूषण चोरी मिले। जांच में 30 अप्रैल को आरोपी विशाल निवासी गरनावठी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से सोने के आभूषण बरामद किए गए है। आरोपी 70 हजार रुपये सट्टे में हार गया।

## सड़कों पर हादसों का शिकार हो रहे गोवंश

निगम आयुक्त ने जारी किए थे अभियान चलाने के आदेश

### बेसहारा गोवंश को पकड़ने का अभियान चलाने के दावे झूठे

# निजी कंपनी ने नहीं किया काम नगर निगम ने थमाया नोटिस

विजय अहलावत ▶▶ रोहतक

नगर निगम द्वारा बार-बार शहर की सड़कों पर घूम रहे बेसहारा गोवंश को पकड़ने के लिए दावे किए जाते हैं, लेकिन यह दावे झूठे साबित हो रहे हैं। सच्चाई यह है कि न तो सड़कों से गोवंश की संख्या कम हो रही है और न ही निजी कंपनी गोवंश पकड़ने के लिए काम कर रही है। आए दिन किसी न किसी हादसे की वजह से वाहन चालक और गोवंश जख्मी हो रहे हैं। कंपनी की लापरवाही सामने आने के बाद निगम के अधिकारियों द्वारा दो बार नोटिस थमाए गए हैं। जरूरत पड़ने पर किसी दूसरी कंपनी को भी गोवंश पकड़ने का टेंडर जारी किया जा सकता है।

दरअसल, नगर निगम के पास गोवंश को रखने के लिए प्रयाप्त जगह नहीं है। निगम के पास पहरावर में एक गोशाला संचालित हो रही है जिसमें पहले ही करीब 2900 गोवंश रह रहे हैं। इससे ज्यादा गोवंश रखने की जगह गोशाला में नहीं है। गोशाला में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि इसके बाद गोवंश की यहां संख्या बढ़ाएंगे तो आपस में लड़ना शुरू कर देते हैं जिससे वे घायल हो जाते हैं। इसके अलावा अभी तक 2800 गोवंश की टैंगिंग का कार्य किया जा चुका है। हालांकि शहर में घूमने वाले गोवंश की टैगिंग अभी तक नहीं हो पाई है। अब गोवंश के लिए और गोशाला की जरूरत है।



**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी के पास सड़क पर मौजूद बेसहारा गोवंश।



**रोहतक।** आईएमटी में सड़क से गुजरते गोवंश। *फोटो: हरिभूमि*

### यहां भटक रहे गोवंश

शहर की अधिकतर सड़कों पर गोवंश घूम रहा है। आईएमटी एरिया, गांव बोहर, जेएलएन के आसपास, सेक्टर एक दो मार्केट, सब्जी मंडी नया बस अड्डा, राजीव गांधी खेल परिसर, लाढ़ौत रोड, वीटा प्लांट के पास, जींद रोड, कच्चा चमारिया रोड, गोहाना अड्डा व प्रेम नगर चौक पर चारा मशीनों के पास, अनाजमंडी, सब्जी मंडी आदि ऐसे एरिया हैं जहां आपको रोजाना गोवंश बेसहारा घूमते हुए मिल जाएगा। इन एरिया में गोवंश चोट मारकर राहगीरों को भी घायल कर देते हैं।

### दूसरी कंपनी को दिया जा सकता है टेंडर

गोवंश पकड़ने के लिए जिस कंपनी को टेंडर दिया गया था, वह पूरी तरह से काम नहीं कर रही है। कंपनी को दो बार नोटिस तक दिया जा चुका है। जल्द ही हाउस की मीटिंग में अहम निर्णय लिए जाएंगे और दूसरी कंपनी को गोवंश पकड़ने के लिए टेंडर दिया जा सकता है। जगह बढ़ाने के लिए भी योजना तैयार की जा रही है। एक से डेढ माह में यह कार्य भी पूरा हो जाएगा।

**नमिता कुमारी**, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम

### निगम आयुक्त ने ली थी मीटिंग

गौरतलब है कि नगर निगम आयुक्त धर्मेंद्र सिंह ने विगत दिनों ही अधिकारियों की मीटिंग लेकर आदेश जारी किए थे कि सड़कों पर घूम रहे गोवंश को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जाए। इन गोवंश को पहरावर गोशाला में रखा जाए। इसके अलावा गोवंश की टैगिंग करने के भी आदेश जारी किए गए थे। इसके लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लेकिन अभियान सिरे नहीं चढ़ पाया।



**रोहतक।** एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम युवक की तलाश करते।

# जेएलएन नहर में फिसलने से युवक गिरा, तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सुनारियां के पास जेएलएन नहर में एक युवक पैर फिसलने के कारण गिर गया और पानी में डूब गया। इसकी सूचना रहागीरों ने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान युवक की पहचान गांव सुनारियां कला निवासी 35 वर्षीय अमित पुत्र जयकिशन के रूप में हुई। अमित दोपहर करीब 2 बजे के आसपास नहर किनारे अपने दोस्त के साथ गया हुआ था। इसी दौरान अमित का पैर फिसल गया और वह नहर में गिर गया। अमित के दोस्त ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक नहर में डूब गया है। सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचे।

### शादीशुदा है अमित

एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। इस दौरान सर्च अभियान चलाया, लेकिन युवक का पता नहीं चल सका। एनडीआरएफ की दो टीम लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही है जो जेएलएन में 20 किमी तक जा चुकी है। वहीं एसडीआरएफ की टीम घटनास्थल से करीब 6 किलोमीटर तक नहर को खंगालने में लगी हुई है। पानी के अंदर गोताखोरों की टीम युवक की तलाश कर रही है। नहर में डूबा युवक अमित तीन भाईयों में सबसे छोटा है। अमित की शादी हो चुकी है और उसका एक 7 साल का बेटा भी है। अमित काम की तलाश कर रहा था। पिता फौज से रिटायर है, जिनकी पेंशन से फिलहाल घर का खर्च चल रहा था। परिवार के लोग लगातार युवक की तलाश में जुटे हुए हैं।

### गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान जारी

एक युवक नहर में डूब गया है। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू की। अब तक सर्च अभियान चल रहा है, लेकिन अभी तक युवक का पता नहीं चला है।

**-जसबीर सिंह**, एसएचओ

## निगम आयुक्त ने वार्ड पार्षद, जनस्वास्थ्य विभाग कर्मी व निजी कंपनी के कर्मियों के साथ बैठक की

# जनस्वास्थ्य विभाग बलियाणा के सीवर कार्य की संभालेगा कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने वीरवार को वार्ड के पार्षद, जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी व निजी कंपनी के कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसमें उन्होंने बलियाणा गांव में मारुति सुजुकी कम्पनी द्वारा सीएसआर के तहत सीवरेज लाईन डाली गई थी।

इस कार्य को अब कम्पनी द्वारा संबंधित विभाग को सुपुर्द करने के बारे में अनुरोध किया जा रहा है। बैठक के दौरान गहन विचार-विमर्श हुआ। उन्होंने कहा कि सीवरेज से संबंधित कार्य जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किया जाता है, इसलिए इसको जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभागको सुपुर्द किया जाएगा। सुपुर्द करने से पहले डाली गई लाइनों की जांच की जाएगी। यदि कोई खामियां पाई जाती है तो उसको ठीक करवाया जाएगा। संबंधित वार्ड सदस्य की उपस्थिति में नगर निगम व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियो द्वारा संयुक्त मौका निरीक्षण कर कार्य की जांच की जाएगी। मौका निरीक्षण की रिपोर्ट अनुसार आगामी कार्रवाई जल्द से जल्द पूर्ण की जाएगी। बैठक में सदस्य वार्ड-11 परीक्षित देशवाल, कार्यकारी अभियंता नवीन कुमार धनखड़, नगर अभियंता सुनिल शर्मा व विरेन्द्र हुड्डा, कनिष्ठ अभियंता नरेश कुमार व देवेन्द्र बेनिवाल, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से एसडीओ विनित व मारूति सुजुकी कम्पनी की ओर से सदानंद उपस्थित रहे।



## इंडस पब्लिक स्कूल में 12वीं के छात्रों ने श्रमिकों के सम्मान में परोसा भोजन

रोहतक। इंडस पब्लिक स्कूल में बृहस्पतिवार को कृतज्ञता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 12वीं के छात्रों द्वारा कृतज्ञता दिवस पर आज का विचार, गीत, कविता व भाषण द्वारा मजदूर वर्ग की पीड़ा को व्यक्त किया। डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने सभी चालक, परिचालकों, चौकीदार व सहायक कर्मियों आदि को उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने अपने संदेश में कहा कि किसी भी संस्थान की उन्नति श्रमिक वर्ग के बिना संभव नहीं है। केवल आज के ही दिन नहीं बल्कि हर दिन श्रमिक सम्मान के अधिकारी हैं। विद्यालय की डायरेक्टर प्रधानाचार्या डॉ. सुषमा झा ने अपने संबोधन में कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि उसके पीछे करने वाले का भाव होता है। इसलिए किसी भी कार्य को छोटा न मान कर विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनना चाहिए व अपने आस-पास रहने वाले मजदूर वर्ग के कार्यों में यथासम्भव सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति बिना श्रमिकों के सम्भव नहीं है। अतः मजदूरों को उनके अधिकारों से वंचित नहीं रखना चाहिए। कक्षा बारहवीं के छात्रों ने श्रमिक वर्ग को आमंत्रित करके प्रेमपूर्वक अपने हाथों से भोजन कराया।

## सुबह के सत्र में कक्षा लगवाने की मांग




**रोहतक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव सिंहपुरा में विद्यालय को ताला लगा रोष प्रदर्शन करते विद्यार्थी एवं परिजन। परिजन सुबह के सत्र में छोटे बच्चों की कक्षाएं लगवाने की मांग कर रहे हैं। जबकि इस समय बड़ी कक्षाएं लगती हैं।

# 3 किलोग्राम अफीम की तस्करी के मामले में 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सोनीपत रोड से गाड़ी सवार दो युवकों को 3 किलो 195 ग्राम अफीम सहित काबू किया गया था। आरोपियों के खिलाफ थाना आईएमटी में केस दर्ज करके कार्रवाई की गई। आरोपियों से गहनता से पूछताछ की गई। सीआईए-1 प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि सोनीपत रोड पर खोखर सर्विस स्टेशन कंसाला के पास से गाड़ी सवार अमृतलाल निवासी उतरप्रदेश व सुरेंद्र निवासी रोहतक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया गया था।

उक्त मामले में 30 अप्रैल को एएसआई संदीप के नेतृत्व में फरार चल रहे 10 हजार रुपये इनामी आरोपी पवन निवासी गांव भालौठ को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है।



**रोहतक।** आरोपित पुलिस की गिरफ्त में

## बहलबा में महिला ने फांसी का फंदा लगाकर दी जान

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव बहलबा में एक विवाहिता ने अपने घर में फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। मृतका की पहचान सोनिया 29 पत्नी मुकेश के रूप में हुई है। घटना की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जांच अधिकारी रामपाल व एफएसएल इंचार्ज सरोज दहिया ने मौका मुआयना कर साक्ष्य एकत्रित किए है। थाना प्रभारी सत्यपाल ने बताया कि प्रथम दृष्टि में गृहणी द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला लग रहा है। मृतक के मायके के लोगों को सूचित किया गया था। अभी तक किसी प्रकार की शिकायत नहीं दी है। मृतका का पति गांव में ही एक वेल्डिंग मस्त्री के पास काम करता है। उनके दो बेटे हैं। जिसमें बड़ा 5 साल व छोटा 3 साल का बताया जा रहा है।

## सालारा मोहल्ला की बलवंत कौर का मरणोपरांत नेत्रदान

**रोहतक।** सामान्य अस्पताल नेत्र विभाग को वीरवार एक नेत्रदान की प्राप्ति हुई है। जिसमें नरेश आनंद समाजसेवी ने पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा से संपर्क किया और सौरभ द्वारा अपनी बहन की आंखों को दान करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने नेत्र विभाग इंचार्ज डॉक्टर सचिन सहगल से संपर्क किया। जिन्होंने टीम गठित कर नेत्र अधिकारी अमित बंसल को नेत्र प्राप्ति के लिए भेजा। जिन्होंने बलवंत कौर पुत्री सरदार रतन सिंह के घर सालारा मोहल्ला से नेत्रों को प्राप्त कर नेत्र बैंक मेडिकल कॉलेज में जमा करवाया। पूर्व मुख्य नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि पहले भी सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से नेत्रों की प्राप्ति होती रही है उनकी रस्म क्रिया पर विभाग उनका विशेष प्रशस्ति पत्र एवं शोक संदेश भेजेगा।

### चार मई को आयोजित की जाएगी परीक्षा

# नीट यूजी की परीक्षा के लिए बनाए पंद्रह केंद्र

- जिले में 5184 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा, सभी तैयारियां पूरी
- आदेशों की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने 4 मई को नेशनल टैस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली नीट (एनईईटी यूजी) 2025 की परीक्षा के दृष्टिगत निषेधाज्ञा आदेश जारी किए हैं।

आदेशों की उल्लंघना करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। वहीं परीक्षा के लिए जिले में 5184 अभ्यर्थियों के लिए 15 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा 4 मई को आयोजित करवाई जाने वाली नीट यूजी परीक्षा के लिए जिले में 5184 अभ्यर्थियों के लिए 15 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

इन परीक्षा केंद्रों में हिसार रोड स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 480 अभ्यर्थी, भिवानी रोड स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय में 480 अभ्यर्थी, सांपला स्थित राजकीय महाविद्यालय में 240 अभ्यर्थी, सांपला स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में 240 अभ्यर्थी, सांपला स्थित राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में 240 अभ्यर्थी, सुपवा विश्वविद्यालय में 240 अभ्यर्थी, पंडित नेकीराम राजकीय महाविद्यालय में 480 अभ्यर्थी, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 480 अभ्यर्थी, महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के परीक्षा केंद्र एक में 480 अभ्यर्थी, परीक्षा केंद्र 2 में 264 अभ्यर्थी, परीक्षा केंद्र 3 में 216 अभ्यर्थी, परीक्षा केंद्र 4 में 144 अभ्यर्थी, परीक्षा केंद्र 5 में 480 अभ्यर्थी, परीक्षा केंद्र 6 में 480 अभ्यर्थी तथा मदवि परीक्षा केंद्र संख्या 7 में 240 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।



**रोहतक।** जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा

### जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने दिए कड़े निर्देश, फोटोस्टेट दुकानें बंद रहेंगी

परीक्षा के लिए जिले में स्थापित किए गए परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने व हथियार आदि लेकर चलने पर पाबंदी लगाई गई है। जारी आदेश के तहत परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में हथियार, विस्फोटक, तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जैली, चाकू एवं अन्य हथियार ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा तथा 100 मीटर की परिधि में स्थित जिरोक्स, फोटोस्टेट दुकानें, डुप्लीकेटिंग सुविधा, साइबर कैफे एवं ट्रांसमिटिंग गतिविधि परीक्षा अवधि के दौरान प्रतिबंधित रहेंगे। इसके अलावा 2 मई से 4 मई तक निजी कोचिंग एकेडमी भी बंद रहेंगी। हालांकि यह आदेश पुलिस एवं ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे।

# मजदूरों के साथ झगड़ा करने वालों का पीछा किया तो मार दी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

बुधवार की रात को सांपला ब्लाक के गांव अटायल गांव में एक व्यक्ति को गोली मार दी। गोली मारने वाला युवक गांव ही रहने वाला है। पुलिस ने चाचा हंसराज के बयान पर मोहित व उसके चार साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। हंसराज ने अपनी पुलिस शिकायत में बताया कि रणबीर द्वारा पाकस्मा मार्ग पर मकान बनाया जा रहा है। बुधवार की रात को गांव में शादी थी। रणबीर ,सतबीर ,राजू सभी उस शादी में गए हुए थे। रणबीर के मकान पर मजदूर सो रहे थे। रात करीब डेढ़ बजे उनके पास फोन आया कि यहां कुछ लोग आए हुए हैं। हमें गाली दे रहे हैं और मकान पर ईंट -पत्थर बरसा रहे। हम सभी अपनी बाइक पर सवार होकर मकान पर पहुंचे। हमें देख कर तीन युवक स्कूटी पर सवार होकर गांव की तरफ भाग लिए। बाइक से उनका पीछा किया तो राजकीय कन्या स्कूल के पास उन्होंने स्कूटी रोक ली। तभी उसने झगड़े की वजह जानी तो मोहित ने पिस्तौल निकाल कर सतबीर को गोली मार दी। हंसराज ने बताया कि मैंने उसका पिस्तौल पकड़ लिया। तभी उसके दो अन्य साथियों ने हवाई फायर कर दिया। मैंने गोली के डर में मोहित को छोड़ दिया। परिवार के लोगों ने सतबीर को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी। बताया कि मोहित शाम को भी मकान पर जाकर रणबीर को धमकी देकर आया था।



बच्चो, जब भी मौका मिलता है, हम इंसान एक-दूसरे को अपनी बातों या हरकतों से हंसते-हंसाते हैं। यही काम मूर्तियां करें तो तुम चौंकोगे। कनाडा के वैंकूवर शहर में लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' नाम से मशहूर कांस्य की बनी अद्भुत मूर्तियां जो भी देखता है, हंसे बिना नहीं रहता। आओ जानते हैं, इन हंसाने वाली मूर्तियों के बारे में।

# हंसती-हंसाती स्टेच्यूज!

अमेजिंग

रजनी अरोड़ा



बच्चो, अगर कोई कहे कि खड़ी हुई स्टेच्यूज हंसाती हैं तो तुम यह बात आसानी से मानोगे नहीं, लेकिन यह सच है। कनाडा के वैंकूवर शहर में इंग्लिश बे बीच (समुद्र किनारे) स्थित मॉर्टन पार्क में मौजूद ब्रॉन्ज (कांस्य) से बनी विशालकाय अमेजिंग लाफ्टर स्टेच्यूज 'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' को देखते ही अनायास हंसी आ जाती है।

## आर्टिस्ट ने अपने चेहरे जैसी बनाई हैं स्टेच्यूज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों के इस समूह को चीन के मशहूर मूर्तिकार यू मिनजुन ने 2009 में तैयार किया था। इन मूर्तियों की सबसे खास बात यह है कि मिनजुन ने इन मूर्तियों के चेहरे को अपने चेहरे जैसा बनाया है। उन्होंने कुल 14 मूर्तियां बनाई हैं, जो कांस्य की हैं। हर मूर्ति अलग-अलग पोज में हंसती दिखती है। सबके चेहरे, आंखें, भौंहें, दांत, बाल सब कुछ बहुत बारीकी से उकेरे गए हैं। इन्हें देखकर लोग बस देखते ही रह जाते हैं।



## लाफ्टर स्टेच्यूज के अलग-अलग पोज

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' की अलग-अलग पोज की बात करें, तो यहां चौदह अलग-अलग पोज में लाफिंग स्टेच्यूज बनाई गई हैं-

- दोनों हाथ सिर के ऊपर रखे, आंखें भींचकर जोर से हंसते हुए।
- घुटनों पर हाथ टिकाकर, आगे झुक कर हंसते हुए।
- एक हाथ मुंह पर, दूसरा हाथ ऊपर उठा हुआ।
- दोनों हाथ कमर पर, सीना चौड़ा कर जोरदार ठहाका लगाते हुए।
- दोनों हाथ गालों पर रखकर हंसते हुए।
- पीछे की ओर झुके हुए, सिर पूरी तरह ऊपर।
- एक हाथ से पेट पकड़ कर हंसते हुए।
- दोनों हाथ फैलाए हुए, जैसे दुनिया को गले लगाते हुए।
- सिर थोड़ा झुकाकर, आंखें टेढ़ी कर हंसते हुए।



- कान पकड़कर हंसते हुए।
- हल्का झुक कर जमीन की ओर देखते हुए।
- हाथों को हवा में घुमाकर हंसते हुए।
- पूरा मुंह खोलकर, आंखें बंद कर भरे गले से हंसते हुए।
- दोनों भौंहें ऊपर उठाकर, होंठों को सटाकर हंसते हुए।

## भूल-भुलैया जैसा मजा

'ए-मेज-इंग लाफ्टर' मूर्तियों का यह समूह बहुत ही अमेजिंग तो है ही, साथ ही यह भूल-भुलैया खेल जैसा भी है। प्रत्येक मूर्ति की ऊंचाई लगभग 3 मीटर और वजन लगभग 250 किलोग्राम है। आर्टिस्ट ने इन कांस्य मूर्तियों को सर्कल में किसी भूल-भूलैया की तरह अरेंज किया है। इन मूर्तियों को इस तरह से रखा गया है कि इनका चेहरा बाहर की तरफ दिखता है। इन्हें देखकर ऐसा लगता है, जैसे ये मूर्तियां यहां आने वाले पर्यटकों को अपने आपको देखने के लिए इनवाइट कर रही हों। मूर्तियों के इर्द-गिर्द कोई दीवार नहीं है, इसलिए यहां आने वाले पर्यटक हर एंगल से मूर्तियों के साथ जुड़ जाते हैं। बच्चो, जब तुम यहां रखी एक मूर्ति से दूसरी मूर्ति के बीच से गुजरोगे तो तुम्हें लगेगा, जैसे तुम किसी भूल-भुलैया से गुजर रहे हो। इस दौरान अजीबो-गरीब पोज में हंसती हुई ये मूर्तियां हंसाती हैं।



## रंग बदलती दिखती हैं ये लाफिंग स्टेच्यूज

कांस्य से बनी इन मूर्तियों का रंग वैसे तो सुनहरा-भूरा है। लेकिन दिन के अलग-अलग समय में अलग-अलग एंगल से जब सूरज की रोशनी इन मूर्तियों पर पड़ती है तो इन मूर्तियों का रंग बदलता हुआ सा प्रतीत होता है। रात के समय जब इन मूर्तियों पर स्ट्रीट लाइट्स की रोशनी पड़ती है, तो इन मूर्तियों की चमक बहुत ही शानदार दिखती है। शाम को इंग्लिश बे पर समुद्र की लहरों की हल्की आवाज और इन हंसते चेहरों वाली मूर्तियों के बीच टाइम स्पेंड करना एक अलग ही फील देता है।

## मूर्तियों का संदेश-हंसना जरूरी है

'ए-मेज-इंग-लाफ्टर' के मूर्तिकार यू मिनजुन का कहना है कि हंसी वह पल है, जब हम सब कुछ भुलाकर सिर्फ हंसना चाहते हैं। ये मूर्तियां हमें याद दिलाती हैं कि खुशी सिर्फ एक सतही भावना नहीं है, वह हमारी गहरी बेचैनियों को ढंकने का माध्यम भी बन सकती है। सार्वजनिक स्थलों पर ऐसी कलाकृतियां, जो हंसी और खुशी का माहौल बनाती हैं, वे लोगों के तनाव को कम करने में मदद करती हैं। इंग्लिश बे पर बने ये लाफिंग स्टेच्यूज लोगों के बीच एक आंतरिक खुशी का माहौल बनाते हैं, जिससे पर्यटक और स्थानीय लोग दोनों ही जुड़ाव महसूस करते हैं। कांस्य की ये मूर्तियां, मानो हमें सदा हंसने-मुस्कुराने का संदेश देती हैं। *

अनोखे व्यक्तित्व / शिखर चंद जैन

बच्चो, हंसी-मजाक आज से नहीं तब से होता आ रहा है, जब राजा-महाराजा हुआ करते थे। उनके दरबार में कुछ ऐसे लोग भी रखे जाते थे, जो हंसी-ठिठोली करें, माहौल खुशगवार बनाएं। जानो, ऐसे ही कुछ मशहूर हस्तियों के बारे में।

# मशहूर-ऐतिहासिक हंसी के सरताज

## बादशाह अकबर के नौ रत्नों में से एक बीरबल



**मुगल बादशाह** अकबर के दरबार के नौ रत्नों में से एक थे बीरबल। उनका वास्तविक नाम था महेश दास। बीरबल बहुत बुद्धिमान थे, हाजिर जवाब थे। बड़ी से बड़ी समस्याओं का हल वे हंसते-हंसाते निकाल लेते थे। बादशाह अकबर अकसर मनोरंजन के लिए बीरबल से हंसी-मजाक किया करते थे। लेकिन बीरबल बुरा मानने के बजाय कुछ ऐसा बोलते या कोई ऐसी हरकत करते कि उल्टे बादशाह अकबर का ही मजाक बन जाता था। अकबर भी इस बात का मजा लेते। दोनों के मजेदार किस्से आज भी लोगों का मनोरंजन तो करते ही हैं, साथ-साथ ज्ञान भी बढ़ाते हैं। *

## दक्षिण भारत के विनोदी विद्वान तेनालीराम



**जिस तरह** उत्तर भारत में बीरबल के किस्से प्रचलित हैं, वैसे ही दक्षिण भारत में तेनालीराम के किस्से लोग खूब चटखारे लेकर सुनते-सुनाते और पढ़ते हैं। तेनालीराम दक्षिण भारत में विजयनगर साम्राज्य के राजा कृष्णदेव राय के दरबार के प्रमुख विद्वानों में से एक थे। उनका जन्म कर्नाटक के गुंटूर जिले के एक छोटे से गांव में हुआ था। उनका पूरा नाम तेनाली रामकृष्ण था। तेनालीराम अपने विनोदी स्वभाव से महाराज कृष्णदेव राय को खूब हंसाते थे। साथ ही कोई विकट परिस्थिति आने पर महाराज को उससे उबरने का सरल रास्ता भी बताते थे। बुद्धिमान और विनोदी तेनालीराम दक्षिण भारत में इतने प्रसिद्ध हैं कि आंध्र प्रदेश में उनके नाम पर एक रेलवे स्टेशन 'तेनाली' जंक्शन भी मौजूद है। *

## बंगाल के लोकप्रिय व्यक्तित्व गोपाल भांड



**बंगाल में** गोपाल भांड के किस्सों की लोकप्रियता उतनी ही है, जो उत्तर भारत में बीरबल की और दक्षिण भारत के बच्चों में तेनालीराम की है। 18वीं सदी में पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में राजा कृष्णचंद्र रॉय का शासन हुआ करता था। उनके दरबार के नवरत्नों में से एक थे गोपाल भांड। वह अपनी चतुराई और हाजिर जवाबी के बूते पर न सिर्फ महाराज का बल्कि दरबारियों और प्रजा का भी दिल जीत लेते थे। गोपाल भांड कठिन से कठिन समस्या का हल चुटकी बजाते निकाल लेते थे। हंसी-मजाक से भरे उनके किस्से बंगाल की लोककथाओं में भी खूब पढ़े-सुने जाते हैं। *

## जीके क्विज-152



1. हाल में ही किसे भारत के उच्चतम न्यायालय का 52वां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है?
2. पिछले दिनों चर्चा में रहा महुआदानर वुल्फ सैंक्चुअरी किस राज्य में स्थित है?
3. भारत के वर्तमान शिक्षा मंत्री कौन हैं?
4. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
5. 'मधुबनी' किस राज्य की लोक चित्रकला शैली है?
6. भारत के किस राज्य में जनसंख्या का घनत्व सर्वाधिक है?
7. रेडक्रॉस संस्था का मुख्यालय किस देश में स्थित है?
8. किस भारतीय ने 'वर्ल्ड लाफ्टर डे' की शुरुआत की?
9. सिख संप्रदाय में लंगर प्रथा किसने शुरू की थी?
10. ओडिशा की राजधानी कहां है?

**बच्चो, जीके क्विज-152 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-151 का उत्तर :** 1.वैभव सूर्यवंशी, 2.जे.डी. वेंस, 3.बिहार, 4.विटामिन ए, 5.लैक्टोमीटर, 6. 1 मई, 7. 23.5 डिग्री, 8.ओडिशा, 9.नाइट्रोजन, 10.ईटानगर

**जीके क्विज-151 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, शंभु-बलौदा बाजार, प्रगति-ईमेल से, एकता-ईमेल से, रमेश-कोरबा, सौरभ-बिलासपुर, गुंजा-रायपुर, अमित-करनाल, सोनम-बालोद, ईशान-रायगढ़, हर्ष-रोहतक, दिव्या-बेमेतरा, कनिष्क-बिलासपुर, सौम्या-महासमुंद, अंकित-भोपाल

## हंसगुल्ले

**मम्मी (गुस्से में) :** मिंटू, मैंने तुमसे कहा था कि जिस समय दूध उबले तो मुझे बता देना। देखो तो, सारा दूध गिर गया।
**मिंटू :** मम्मी, बता तो रहा हूं। जिस समय दूध उबला, तब 7 बजकर 10 मिनट हो रहे थे।

-संजय, रोहतक

**चिंटू :** दर्दनाक का क्या मतलब होता है?
**मिंटू:** जिसके नाक में दर्द हो, वह दर्दनाक होता है।

-अभिषेक, बेमेतरा



**टीचर :** रोहित, बताओ आई डोंट नो का क्या मतलब होता है?
**रोहित (सिर खुजते हुए) :** मैं नहीं जानता।
**टीचर :** बिल्कुल सही जवाब।

-सुमन, भोपाल

**चिंकी :** मुझे घर से स्कूल जाने में 90 मिनट लगते हैं, लेकिन स्कूल से घर आने में डेढ़ घंटे लग जाते हैं, बता ऐसा क्यों?
**मिंकी (एक पल सोचने के बाद) :** मुझे नहीं पता, तू ही बता दे।
**चिंकी (हंसते हुए) :** अरे बुद्धू, क्योंकि दोनों टाइम सेम हैं।

-कुणाल, महासमुंद

गोलू की तबियत ठीक नहीं थी, इसलिए वह दोस्तों के साथ खेलने के बजाय चुपचाप पार्क की बेंच पर बैठ गया। तभी वहां एक आदमी आकर उसके बगल में बैठ गया। उसने अपने आपको आम डॉक्टर बताया। गोलू के साथ उसने ऐसी मजेदार बातें कीं, वह अपनी बिगड़ी तबियत को भूलकर हंस पड़ा।

# आम डॉक्टर



हास्य कथा

समीर गांगुली

पार्क की बेंच पर बैठ कर, बच्चों को खेलते देखते गोलू की बगल में एक आदमी आकर बैठ गया। थोड़ी देर बाद उसने पूछा, 'बेटा, तुम खेल क्यों नहीं रहे हो?'

गोलू बोला, 'मेरी तबियत थोड़ी खराब है।' इस पर वह आदमी बोला, 'तबियत या तो खराब होती है या नहीं होती। थोड़ी का क्या मतलब?'

गोलू फालतू फेंटते उस आदमी की तरफ देखते हुए बोला, 'आप डॉक्टर हैं क्या?' वह बोला, 'हां, मैं आम डॉक्टर हूं?' गोलू ने फिर पूछा, 'आम डॉक्टर माने जनरल डॉक्टर?'

वह बोला, 'नहीं आम डॉक्टर..! वैसे मैं आम इंजीनियर बनना चाहता था।'

गोलू बोला, 'मतलब आप आम का इलाज करते हैं?' वह आदमी बोला, 'हां, अगर कोई आम आता तो, लेकिन आज तक कोई भी आम मेरे पास नहीं आया। शायद उन्हें अभी तक इसकी खबर नहीं हुई है।' गोलू को उसकी अजीब बात पर यकीन नहीं हुआ, उसने फिर पूछा, 'मैंने तो आज तक नहीं सुना कि आम या अमरूद या सेब का कोई डॉक्टर भी होता है। ये तो फल हैं। इन्हें इलाज की क्या जरूरत?'

इस बात पर आम डॉक्टर चिढ़कर बोला, 'आम को डॉक्टर और इंजीनियर की ही नहीं, वकील की भी जरूरत होती है।' गोलू चकराया, 'मैंने तो यह सब नहीं सुना।' गोलू को परेशान देख आम डॉक्टर बोला, 'कैसे नहीं सुना? अभी तो कहा मैंने। बच्चे, आम की दुनिया के तीन उसूल होते हैं। ध्यान से सुनो। पहला-आम, आम नहीं होता। दूसरा-आम का आदमी, रास्ते और सभा से कोई रिश्ता नहीं होता। तीसरा-एक दिन आम राज आएगा।'

गोलू ने आगे पूछा, 'आम को क्या बीमारी हो सकती है?'

आम डॉक्टर बोला, 'वो तो आम की मर्जी पर है कि वो कौन-सी बीमारी को आने के लिए रास्ता देगा या नहीं देगा। हां, कभी-कभी दुर्घटनाएं भी हो सकती हैं। तीसरे तरह की।' गोलू फिर चकराया, 'तीसरे तरह की यानी पहले और दूसरे तरह की नहीं?' आम डॉक्टर आंखों को आधा बंद करते हुए बोला, 'यहां पहला उसूल लागू होता है यानी आम, आम नहीं होता है।' गोलू ने पूछा, 'आम आपके पास आया और आपने उसे खा लिया तो क्या होगा?' वह बोला, 'तो वह इसकी शिकायत कबूतर खाने में कर सकता है।' गोलू फिर हैरान, 'अरे, आप उसे खा लेंगे तो वह शिकायत कैसे करेगा?' वह आदमी बोला, 'खाने से पहले कर सकता है।' गोलू ने पूछा, 'उसे पता कैसे चलेगा?' 'क्या?'

'यही कि आप उसे खाने वाले हैं।'

'जब तक आम पिज्जा नहीं मिलता, मैं तो आम को मुंह भी नहीं लगाऊंगा।' 'आम पिज्जा कहां होता है?' 'आम पापड़ होता है?' 'हां, होता है मगर वो पापड़ नहीं होता।' 'तभी तो यहां पहला उसूल लागू होता है।' 'क्या?' 'आम, आम नहीं होता।' 'आपको आम डॉक्टर किसने बनाया?' 'तुमने!' 'मैंने कब बनाया?' 'तभी, जब कहा कि तुम्हारी तबियत खराब है। अब मैं तुम्हारा इलाज करूंगा।' 'कैसे?' 'एक आम तरीका है।' 'वो क्या?' 'आंखें बंद करो और तीन बार नाक दबा कर बोलो, 'आम ना करे काम, आम ना मांगे दाम, आम करे आराम।'

ये कुछ अटपटा था, मगर गोलू ने ऐसा ही किया और जब आंखें खोली तो बेंच खाली था। वह आदमी जा चुका था, फोकट की मस्ती देकर। गोलू अब अपनी तबियत थोड़ी ठीक महसूस कर रहा था। उसे मन ही मन उस आदमी पर हंसी आ रही थी। *

कविता

डॉ. वेद मित्र शुक्ल



## पहाड़ और चुहिया

इक पहाड़ था गांव किनारे
उस पर कान धरे कोई जो,
सुनता आवाजें चूं-चूं की
ज्यों पहाड़ भीतर कोई हो।
अचरज होता कौन बला है
जो पहाड़ के अंदर रहता,
'इसका पता लगाना होगा'
जो भी सुनता था वह कहता।
आखिर इक दिन निश्चय करके
लगे खोदने वह पहाड़ सब,
एक बड़ा हिस्सा जब खोदा
निकली इक चुहिया बच्चो! तब।
बहुत परिश्रम किया सभी ने
पर, परिणाम मिला न बढ़िया,
मुखिया हंसा जोर से कहकर,
'परबत खोदा निकली चुहिया।'

## रंग भरो-174

**रंग भरो-174** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



हिमांक, दुर्ग



डिंपल, कवर्धा



भाविका, रायपुर



हिताक्षी, महेंद्रगढ़



अंकित, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

जसमायरा-भिलाई, कृतिका-बिलासपुर, नम्रता-बलौदा बाजार, पलका-धमतरी, प्रगति-बिलासपुर, रिद्धि-भिवानी, रितेश-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, सानवी-अंबिकापुर, श्रेजल-कांकेर, श्वेता-रायपुर, वासनिक-रायपुर, वेदिका-रायपुर, तेजस-रायपुर

## रंग भरो 175



बच्चो, यहां पर हंसते-मुस्कुराते दो बच्चों का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## गिनकर बताओ

बच्चो, इस चित्र में स्माइली और लाफिंग इमोजी वाले रेड और यलो कलर के कुछ बैलूंस दिए गए हैं। तुम्हें गिनकर बताना है कि चित्र में कुल कितने रेड बैलूंस हैं और कितने यलो बैलूंस हैं?



उत्तर: रेड बैलूंस-19, यलो बैलूंस-20

## खबर संक्षेप

### खंड शिक्षा अधिकारी ने किया ईंट भट्ठों का दौरा

**महम।** खंड शिक्षा अधिकारी सरिता खनगवाल ने फरमाणा - कमाच खेड़ा रोड पर स्थित दयानंद व हनुमान ईंट भट्ठे का दौरा किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने ईंट भट्ठों पर रह रहे बच्चों के अभिभावकों से बातचीत की तथा अपने बच्चों को सरकारी स्कूल में दाखिल करवाने के लिए प्रेरित किया। दोनों भट्ठों पर 29 बच्चे मिले। बी ई ओ ने कहा कि उन बच्चों के लिए सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं की जानकारी दी। फरमाना बादशाह गांव में स्थित राजकीय प्राइमरी स्कूल के इंचार्ज संजय चोपड़ा ने कहा कि वे उन बच्चों को लाने ले जाने के लिए साधन लगा सकते हैं।

### गांधी कैंप में लगाया गया स्वास्थ्य जांच कैंप

**रोहतक।** महामंडलेश्वर स्वामी विश्वेश्वरानंद के जन्मदिवस एवं अक्षय तृतीया पर्व पर गांधी कैंप सब्जी मंडी में सुंदरकांड पाठ के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य जांच, नेत्र जांच, दंत जांच, महिला रोग, हड्डी रोग, हृदय रोग, मैमोग्राफी टेस्ट किए गए। पूर्व नेत्र अधिकारी दिनेश शर्मा ने 118 व्यक्तियों की आंखों की जांच की और उन्हें दवाइयां दी एवं 65 मरीजों को चश्मे निशुल्क दिए गए।

### मदवि के प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार को भूगोल विभाग का अध्यक्ष किया मनोनीत

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ. प्रमोद कुमार को भूगोल विभाग का अध्यक्ष मनोनीत किया।



कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने बताया कि बतौर भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार की नियुक्ति 1 मई 2025 से तीन वर्ष के लिए की गई है। प्रो. प्रमोद कुमार ने विभागाध्यक्ष के दायित्व के लिए कुलपति प्रो. राजबीर सिंह का आभार जताया। उन्होंने कहा कि वे न केवल विभाग की शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करेंगे, बल्कि शोध और नवाचार को भी प्राथमिकता देंगे।

# श्रीमद्भागवत कथा में 7 अंक का विशेष महत्व है : साध्वी यमुना दीदी

- संकट मोचन मंदिर में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का छठा दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में ब्रह्मलीन गुरुमां गायत्री के निर्वाण दिवस के उपलक्ष में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान साध्वी यमुना दीदी ने बताया कि श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में 7 अंकों का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि नटखट कान्हा उस समय मात्र 7 वर्ष के थे, जब उन्होंने 7 दिन तक अपनी छोटी उंगली पर गिरिराज महाराज (गोवर्धन पर्वत) को उठाया और ब्रजवासियों को बारिश से बचाया। लम्बे चौड़े गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा भी सात कोस की है और जब भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को उठाया था तो। श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा भी 7 दिन होती है। हर जीव के पास सप्ताह में दिन भी सात होते है। उन्होंने कहा कि विज्ञान और डॉक्टर की रिपोर्ट भी बताती है कि इंसान के प्राण निकलने में सात सेकंड ही लगते हैं। परीक्षित द्वारा सर्प से दुर्व्यवहार करने पर ऋषि श्रृंगी ने सात दिन बाद उसकी मृत्यु का श्राप दिया लेकिन मृत्यु के बाद, सात दिन श्रीमद्भागवत कथा सुनाई तो उन्हें श्राप से मुक्ति मिली।



रोहतक। माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में चल रही कथा में प्रवचन देते साध्वी यमुना दीदी साथ हैं साध्वी मानेश्वरी देवी। *फोटो : हरिभूमि*



रोहतक। श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ कथा सुनते भक्तजन। *फोटो : हरिभूमि*

**कृष्ण-रुक्मणी विवाह उत्सव में शामिल भक्त की वैवाहिक समस्या समाप्त होती हैं:** साध्वी ने भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती हैं। कथा के दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह, दिव्य चरित्र और उनकी लीला का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण ने सदैव अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए कार्य किया। उन्होंने मथुरा के अत्याचारी राजा कंस का अंत कर प्रजा को उसके अत्याचारों से मुक्त किया। इसके बाद भगवान कृष्ण ने विदर्भ राजकुमारी रुक्मिणी से विवाह कर उन्हें अपनी अर्धांगिनी बनाया।

### प्रसाद वितरित किया

*पंडित अशोक शर्मा ने प्रसाद वितरित किया। मुख्य अतिथि पार्षद कंचन खुराना व पूर्व एमसी अशोक खुराना ने भक्तिभाव से ज्योत प्रचंड की व माथा टेककर आरती की। यह जानकारी सचिव गुलशन भाटिया ने दी।*

### आज होगा हवन, कन्या पूजन, भजन ध्वजारोहण और भंडारे का आयोजन

*कार्यक्रम में 2 मई को सुबह 8 बजे हवन, 10 बजे कन्या पूजन होगा। यमुना दीदी द्वारा 11 बजे श्रीमद्भागवत कथा का समापन किया जाएगा। 12 बजे संत समागम, साध्वी व संत महत्माओं के प्रवचन, आर्शीवचन, आरती और दोपहर 2 बजे भंडारे का आयोजन होगा।*

## आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर कर्मचारी व किसानों ने मांगों के लिए उठाई आवाज

अध्यक्षता कर्मचारी नेता कर्मबीर सिवाच, सीटू नेता रामचंद्र सिवाच, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जगपाल सांगवान ने की




—125—अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन करते विभिन्न सगंठन के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर मजदूर कर्मचारी किसानों ने संयुक्त तौर पर संकल्प सभा और मार्च कर मजदूर और किसानों को गुलामी में धकेलना वाले लेबर कोड़ों एवं कृषि व्यापार फ्रेमवर्क को वापस लेने की जोरदार मांग उठाई। साथ ही, आतंकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया है। सर्व कर्मचारी संघ, मजदूर संगठन सीटू, रिटायर्ड कर्मचारी संघ और किसान सभा के संयुक्त तत्वाधान में 135 वे अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर वीरवार को मानसरोवर पार्क में संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता कर्मचारी नेता कर्मबीर सिवाच, सीटू नेता रामचंद्र सिवाच, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जगपाल सांगवान और किसान नेता प्रीत सिंह ने संयुक्त रूप से की। मंच संचालन धर्मवीर हुड्डा और मनजीत पांचाल ने किया।

संकल्प सभा की शुरुआत पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 28 निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि देकर की गई। सीटू के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने कहा कि आज का दिन पूंजीवादी व्यवस्था में मजदूरों के शोषण के खिलाफ हुए मजदूर वर्ग के आंदोलन और उसके दाम पर हासिल किए गए अधिकारों को मजबूत करने का दिन है। इन्हीं संघर्षों के दम पर पूरी दुनिया में मजदूर के लिए 8 घंटे काम यूनियन बनाने का अधिकार समेत अनेक सामाजिक सुरक्षाएं हासिल हुई। परंतु वर्तमान में पूरी दुनिया में मजदूर के वेतन कटौती काम के घंटे में बढ़ोतरी एवं सामाजिक सुरक्षा छीनने के प्रयास सरकारों द्वारा हो रहे हैं। असल में यह नव उदारवाद की नीतियों का ही परिणाम है। जिसके चलते चंद अमीरों के पास बड़े पैमाने पर संपत्ति इकट्ठा हो रही है। वहीं, बहुमत जनता भुखमरी और न्यूनतम जरूरत को तरस गई है। इस बदहाली के खिलाफ बढ़ रहे असंतोष को रोकने के लिए बड़े-बड़े कॉर्पोरेट ने फूटपरस्त दक्षिणपंथी ताकतों के साथ गठजोड़ कर हालात को और भी जटिल बना दिया है। संकल्प सभा में ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन के विकास दहिया, एचएसवीपीएन यूनियन के नेता जयवीर चहल, रोडवेज कर्मचारी नेता जयकुवार दहिया, मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के शिवकुमार और राकेश लकड़ा, नगर पालिका कर्मचारी संघ के नगर निगम इकाई के प्रधान शंभू, आशा वर्कर्स यूनियन की जिला उप प्रधान नीरज, ग्रामीण चौकीदार सभा के प्रांतीय कोषाध्यक्ष भगत सिंह, मिड डे मील वर्कर्स यूनियन की जिला सचिव रीना, भवन निर्माण कामगार यूनियन के जिला उप प्रधान संजीव सिंह और धर्मदास, स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के छात्र नेता अमित पिलाना, खेत मजदूर यूनियन के संदीप सिंह, विकलांग अधिकार मंच के मोहित, रिटायर्ड कर्मचारी संघ के रणबीर दहिया, ओमप्रकाश कादियान, टूरिज्म कर्मचारी नेता जोगिंदर दलाल, हुडा विभाग कर्मचारी यूनियन के रणवीर सिंह, घरेलू कामगार यूनियन की फूलपति ने भी अपने विचार रखें।

### प्रदर्शन में यह बाते बोली

मौजूदा मोदी सरकार द्वारा 29 श्रम कानून को खत्म कर मजदूर विरोधी चार लेबर कोड़ों को थोपने और ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दबाव में वापस लिए गए तीन काले कृषि कानून को चोर दरवाजे से लादने के प्रयास इसके पुख्ता उदाहरण है। एक और तो कर्मचारियों की पेंशन, मजदूरों की सामाजिक सुरक्षा, न्यूनतम वेतन, काम के 8 घंटे काम के कानूनी अधिकार, एमएसपी की कानूनी गारंटी न करने के कदम बढ़ाए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर बड़े-बड़े कॉर्पोरेट को टैक्सों में भारी छूट दी जा रही है। उन्होंने सभा में मौजूद मजदूरों, कर्मचारियों एवं किसानों से आह्वान किया कि आगामी 20 मई को केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और कर्मचारी फेडरेशनों द्वारा होने वाली 20 मई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को जोरदार ढंग से कामयाब बनाकर इन जन विरोधी नीतियों को पलटने के संघर्ष को राजनीतिक संघर्ष में बदलना होगा।



### वैश्य महाविद्यालय में मनाया विश्व मजदूर दिवस

रोहतक। वैश्य महाविद्यालय में इकोनॉमिक्स डिपार्मेंट, भूगोल विभाग, आईआरसी तथा एनएसएस के द्वारा विश्व मजदूर दिवस मनाया गया। कॉलेज भी प्राचार्य डॉ संजय गुप्ता ने मजदूरों की अर्थव्यवस्था में भूमिका पर प्रकाश डाला तथा मजदूरों का हर समय सम्मान करने के लिए प्रेरित भी किया। इसके पश्चात सभी विद्यार्थी स्लम एरिया में गए और वहां पर लोगों को जरूरत की चीज उपलब्ध करवाई और किस प्रकार से वह स्वस्थ रह सकते हैं, उनके साथ डॉ. विनीत बाला ने अपने विचार सांझा किए। इसके अलावा विद्यार्थियों ने सड़क किनारे बैठे और मंदिरों में बैठे हुए लोगों को भी जरूरत की चीज वितरित की और स्वास्थ्य रहने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. पिंकी, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. सुनयना ने भी मजदूरों को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया।

## श्रमिकों के सम्मान में सेवा और समर्पण का अनुपम आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आईएमटी उद्योग वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा वीरवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ श्रमिकों के स्वास्थ्य, सेवा और सम्मान को केंद्र में रखा गया। इस दौरान रक्तदान शिविर, सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर और भंडारा वितरण कार्यक्रम में न केवल मानवता का संदेश दिया, बल्कि श्रमिकों के प्रति संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल भी पेश की गई है। शिविर में 65 से अधिक यूनिट रक्तदान कर लोगों ने जीवनदान का संदेश दिया। 500 से अधिक नागरिकों ने स्वास्थ्य जांच कराई और स्वास्थ्य के प्रति सजगता दिखाई। दो हजार से अधिक श्रमिकों और नागरिकों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस प्रेरणादायक आयोजन का संचालन एसोसिएशन के अध्यक्ष जोगेन्द्र नांदल के कुशल नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करने के लिए अंशु ऐरन, संदीप दहिया, संदीप नांदल, जसमेर लाठर, इंद्रजीत ढींगरा और प्रदीप ढुल (अग्निमित्र) समेत कई गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों का भी योगदान सराहनीय रहा, जिनमें अरुण गुप्ता, अमित चौधरी और राजेश गुप्ता ने रक्तदाताओं को फूड किट वितरित कर सेवाभाव को और भी सशक्त बनाया।



## शिक्षा भारती में विद्यार्थियों ने लिया मैजिक शो का आनंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना रोड में चाइल्ड वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रदर्शित मैजिक शो ने विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मनोरंजन के साथ-साथ समाज सेवा को प्रोत्साहित करना था। यह शो चाइल्ड वेलफेयर द्वारा आयोजित किया गया। इस शो के माध्यम से प्राप्त राशि को दान किया गया। यह राशि गरीब और जरूरतमंद छात्रों की सहायता के लिए उपयोग में लाई जाएगी। शो के दौरान सोमनाथ ने अपने अनोखे जादुई करतबों से बच्चों और उपस्थित दर्शकों को चकित कर दिया। उनके प्रदर्शन ने शिक्षा भारती के छात्रों में न केवल जिज्ञासा जगाई बल्कि सामुदायिक सेवा के महत्व को भी उजागर किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक एवं डॉ. दिनेश मदान ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## बाल विवाह निषेध कानून को लेकर भट्ठा मालिकों के साथ मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



बाल विवाह निषेध कानून को लेकर डीएलएफ कालोनी स्थित ईट भटठा मालिकों की यूनियन के पदाधिकारियों के साथ एक बैठक जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक वीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के तौर पर संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, करमिन्दर कौर थी।

मुख्य वक्ता के तौर पर अपनी बात रखते हुए करमिन्दर कौर ने भट्ठा मालिकों को बाल विवाह निषेध कानून के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मजदूर अपने नाबालिग बच्चों की शादी न करें, इस बात का ध्यान भट्ठा मालिकों को रखना होगा। उन्होंने कहा कि कानूनी दृष्टि से 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है, जो कि कानूनी अपराध है। बाल विवाह करवाने वाले या इसमें शामिल होने वालों को 2 साल तक की सजा और 1 लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान है। भट्ठा मालिकों ने संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिन्दर कौर एवं जिला खाद्य एवं पूर्ति कंट्रोलर, रोहतक वीरेन्द्र सिंह को आश्वस्त किया कि सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का पूरा सहयोग किया जाएगा और हम अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने में प्रशासन के साथ हैं। संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी जब चाहें स्वयं या अपनी टीम को भेज कर भटठों पर काम करने वाले मजदूरों को इस कानून के बारे में जरूर जागरूक करें। मीटिंग में खाद्य एवं पूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर हरिमओम सैनी, एमडीडी ऑफ इण्डिया के जिला संयोजक, ईट भट्ठा यूनियन के प्रधान अनिल नारंग, उप प्रधान नरेन्द्र दलाल, महावीर सिंह, कुलदीप दहिया आदि रहे।

### कवियों ने देशभक्ति की प्रस्तुतियों से बांधा समां

**रोहतक।** स्पंदन संस्था द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गीतकार वीरेंद्र मधुर की अध्यक्षता में हुई काव्य गोष्ठी में मंच संचालन डॉ. निधि राठी ने किया। मुख्य अतिथि की भूमिका स्त्री शक्ति संगठन की अध्यक्ष ममता शर्मा ने तो वहीं विशिष्ट अतिथि की भूमिका विरासत आर्ट गैलरी की संचालिका वंदना वर्मा ने निभाई। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ कवियों के साथ ही युवा कवियों ने भी अपनी कविताएं प्रस्तुत की, जिनमें पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना से आहत देश की जनता के दिल का दर्द उभर कर सामने आया। हरियाणा साहित्य अकादमी से पुरस्कृत वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मधुकांत ने अपनी कविता शहीद तुम्हें सलाम के माध्यम से शहीद की अर्थी के घर पर आने पर उसके घर के दृश्य को जीवंत कर दिया। गीतकार पंडित वीरेंद्र मधुर ने देश के सैनिकों की शूरवीरता को अपने शब्दों में कुछ कुछ इस प्रकार व्यक्त किया।



## आर्य स्कूल मदीना में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल मदीना में लेबर डे मनाया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने नाटक, कविता पाठ, अभिनय के जरिये कर्मचारियों के योगदान, परिश्रम इत्यादि को प्रदर्शित करके सबको मंत्र मुग्ध किया। निदेशिका लतेश दांगी ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनके योगदान की सराहना की और उन्हें प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया।

### 7वें खेलों इंडिया यूथ गेम्स के लिए टायल 2 मई से

**रोहतक।** 7वें खेलों इंडिय यूथ गेम्स के लिए 2 मई से ट्रायल शुरू होने जा रहा है। यह ट्रायल सेपक टाकरा के लिए 2 मई को बैडमिंटन हॉल छोटूराम स्टेडियम में लिया जाएगा और मलखंभ के लिए गुरूकुल लाढ़ोत में चयन प्रक्रिया की जाएगी। इस गेम का आयोजन 4 मई 2025 से 15 मई 2025 तक बिहार तथा नई दिल्ली में करवाया जा रहा है। जिसके लिए हरियाणा राज्य की सेपक टाकरा तथा मलखंभ खेल की टीमों का चयन ट्रायल के आधार पर किया जाना है। इस ट्रायल में अंडर-18 आयुवर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिसके लिए खिलाड़ी का जन्म 01 जनवरी 2007 या उसके बाद का होना चाहिए।

**सूचना**

मैं, सत्यदेव पुत्र श्री मुंशी राम निवासी मोखरा खेड़ी, तहसील महम, जिला रोहतक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सरपंच ग्राम पंचायत, खिड़वाली जिला रोहतक**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खिड़वाली के कंडम पटवार भवन, पशु हस्पताल भवन, SC चौपाल (सिबलपुरा बस्ती) की खुली बोली दिनांक 19.05.2025 को गांव के वृद्धआश्रम में प्रातः 10 बजे करवाई जाएगी। शर्ते मौके पर सुना दी जाएगी। इच्छुक बोली दाता मौके पर पहुंचकर बोली लगा सकता है व कंडम सामान लोह जाज, कड़ी, खिड़की दरवाजे, कूर्सी व अन्य सामग्री की बोली करवाई जाएगी।

सरपंच ग्राम पंचायत खिड़वाली (रोहतक) मो. 9306688028

## समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का तुरंत निपटारा करने के दिए निर्देश

# पहचान पत्र की त्रुटियों को शीघ्र ठीक करवाया जाए :डीसी

- प्रदेश सरकार द्वारा हर शुक्रवार को समाधान शिविरों इत्यादि की लंबित शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक




रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते डीसी धीरेंद्र खडग़टा।

डीसी धीरेंद्र खडग़टा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का तुरंत निपटारा करें। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में दर्ज किसी दूसरे व्यक्ति के वाहन को हटाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए ताकि ऐसी समस्या का सामना कर रहे नागरिकों को राहत मिले सके। खडग़टा लघु सचिवालय स्थित सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र सिंह, नगराधीश अंकित कुमार तथा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। उन्होंने परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण से संबंधित शिकायत की सुनवाई करते हुए क्रीड के अधिकारियों से कहा कि वे परिवार पहचान पत्र में दर्ज दूसरे व्यक्ति के वाहन को हटवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करें।

**लंबित शिकायतों का शीघ्र निदान करें अधिकारी:** इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमारअतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों, सीएम विंडो, एसएमजीटी एवं जनसंवाद कार्यक्रम की लंबित शिकायतों का शीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। प्रदेश सरकार द्वारा हर शुक्रवार को समाधान शिविरों इत्यादि की लंबित शिकायतों के निपटारे की समीक्षा की जाती है। नगराधीश अंकित कुमार ने समाधान शिविर, सीएम विंडो, एमजीटी एवं जनसंवाद की लंबित शिकायतों की संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा की।इस अवसर पर उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की कार्यकारी अभियंता सीमा नारा, जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला सैनिक एवं अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर गौरिका सुहाग, जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव श्याम सुंदर, स्वास्थ्य विभाग के जिला परिवार कल्याण अधिकारी सुरेश भारद्वाज सहित संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी व नोडल अधिकारी तथा भाजपा के प्रतिनिधि एडवोकेट अंकुश एवं सतीश चौधरी मौजूद रहे।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**

**REQUIRES**

- BAMS 6
- PRO 5
- NURSING STAFF 4
- ICU STAFF 10
- MALE NURSING STAFF 5

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

# सरकारी स्कूलों की हालत सुधारने में जुटे समाजसेवी विजय मित्तल

*महम और इमलीगढ़ के सरकारी स्कूल में लाखों रुपये किए खर्च*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

प्रदेश सरकार और सरकारी अफसर अभिभावकों से अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाने की अपील कर रहे हैं और बता रहे हैं कि अब प्राइवेट स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में भी बच्चों के लिए प्राइवेट स्कूलों जैसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। सरकार की इस मुहिम में आगे बढ़कर काम कर रहे हैं महम के प्रसिद्ध समाजसेवी विजय मित्तल और उनके बेटे दीपक मित्तल। दोनों पिता पुत्रों ने मिलकर महम और आस पास के गांवों के सरकारी स्कूलों में लाखों रुपए खर्च करके कमरों का निर्माण करवाया है। कहीं पर फर्श लगवाए जा रहे हैं तो कहीं पर राजकीय विद्यालयों के जीर्णोद्धार पर जमकर पैसा खर्च कर रहे हैं।



**महम।** इमलीगढ़ के सरकारी स्कूल के गेट का उद्घाटन करते समाजसेवी विजय मित्तल। साथ मौजूद ग्रामीण व शिक्षक। फाइल फोटो।

### इमलीगढ़ में खर्च किए 11 लाख रुपये

विजय मित्तल कहते हैं कि यदि कोई बच्चा पढाई में अच्छा है तथा उसके घर की हालात आर्थिक रूप से कमजोर हैं तो वे बच्चे निराश ना हों। वे स्वयं उन्हें पढाने का जिम्मा लेने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वह बच्चा कहीं तक भी पढाई करना चाहे वे उन्हें निराश नहीं होने देंगे। उन्होंने गरीब परिवारों के बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इमलीगढ़ के सरकारी स्कूल में 11 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च कर दी। पहले इस विद्यालय भवन की हालात अच्छी नहीं थी। विद्यालय में पेयजल व्यवस्था के लिए लगभग ढाई लाख की लागत से पानी की टंकी, वाटर कूलर तथा लगभग पांच लाख की लागत से भवन निर्माण में सहयोग किया। वहीं स्कूल में बार बार हो रही चोरियों को रोकने के लिए लगभग एक लाख के सीसीटीवी कैमरे लगवाए। मेन गेट के निर्माण पर 1 लाख 51 हजार रुपए खर्च किए। उनके छोटे बेटे दीपक मित्तल इस विदय्यल के बच्चों को कॉपी, पेन व पेंसिल का खर्च उठाते हैं। किसी बच्चे को पेंसिल, पेन और कॉपी घर से नहीं खरीदनी पड़ती। हर साल वे इस विद्यालय के बच्चों को गर्म वस्त्र भेंट करते हैं।

### 20 लाख से बदली सरकारी स्कूल की तस्वीर

महम निवासी 68 वर्षीय समाजसेवी विजय मित्तल ने भिवानी रोड स्थित महम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में करीब 20 लाख रुपए खर्च करके इस विद्यालय की तस्वीर बदल दी है। यहां पर पुराने हॉल की छत को ऊंचा उठाकर इस हॉल के फर्श व दीवारों की मरम्मत करवाकर इसकी काया पलट कर दी है। साथ ही साथ लगते चार कमरों का भी जीर्णोद्धार करवाया है। कमरों में और हॉल में फर्श पर टाइल्स लगवाई हैं। वे खुद भी इसी विद्यालय में पढ़ते थे। जिन कमरों में वे पढ़ते थे, अब उन्हीं कमरों को और हॉल को नए जैसा बनवा दिया है।

### दिल खोलकर किया दान

विजय मित्तल ने भिवानी रोड स्थित महम के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कई निर्माण कार्य करवाए हैं। वहीं महम के साथ सटे इमलीगढ़ गांव के सरकारी स्कूल में भी उन्होंने दिल खोलकर दान दिया है। यहां पर भी कई निर्माण कार्य किए गए हैं, जिनमें दोनों पिता पुत्र का विशेष योगदान रहा है। इनके इस कार्य से प्रेरित होकर दूसरे लोग भी सरकारी स्कूलों की दशा सुधारने में अपना योगदान देने लगे हैं। पूर्व सेल टैक्स इंस्पेक्टर हरदीप गोयत व उनके पुत्र सुनीत गोयत, संदीप सैनी तथा अध्यापक बलजीत सिंह ने अपना योगदान देकर स्कूल का जीर्णोद्धार करवाया। वीरवार को हरदीप गोयत, संदीप सैनी व बलजीत सिंह ने इसका उदघाटन किया।

## खबर संक्षेप



### विधार्थियों को दिया बौद्धिक ज्ञान

**सांपला।** खरावड़ गांव में स्थित ग्रेट के पी स्कूल में गुरुवार को वनवासी कल्याण आश्रम हरियाणा द्वारा विद्यार्थियों को समाज एवं राष्ट्रहित के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रमेश गोयल व प्रांत उपाध्यक्ष वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों को बौद्धिक ज्ञान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से देश संबंधित अनेक सवाल पूछे ,जिनका विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ जवाब दिया और कार्यक्रम में पूरी सहभागिता दिखाई।

### मदवि में व्याख्यान का आयोजन आज

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग और करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सेल के तत्वाधान 2 मई को फ्यूचरिस्ट पेटेंट प्रोफेशनल करियर ऑपर्च्युनिटी एंड इनसाइट ऑफ आईपीआर फॉर फार्मा स्टूडेंट्स विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया जाएगा।

## बार-बार नशीला पदार्थ बेचने पर महिला को भेजा जेल

# नशीले पदार्थ के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस ने कसा शिकंजा

पीआईटीएनडीपीएस के तहत अपराधियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पुलिस द्वारा नशीले पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। पीआईटीएनडीपीएस अधिनियम के तहत पुलिस द्वारा महिला अपराधी के खिलाफ कार्रवाई की गई है। महिला नशीले पदार्थों का कारोबार करती है। पुलिस ने बार-2 पकड़ने के बाद आरोपी महिला ने जमानत पर आने के बाद दोबारा से नशीले पदार्थ बेचने शुरू कर दिए थे। पुलिस ने नशा मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्रवाई की जा रही है। ऐसे व्यक्ति जो नशीले पदार्थों को बेचने का काम करते है, जिन्हें पुलिस द्वारा कई बार पकड़ा गया है, उनकी सूची तैयार की जा रही है। पुलिस द्वारा आदतन अपराधी कैलाशवंती उर्फ कैलाशो के खिलाफ पीआईटीएनडीपीएस के तहत केस तैयार किया गया। केस को पुलिस महानिदेशक हरियाणा के माध्यम से गृह विभाग, हरियाणा को भेजा गया। गृह विभाग, हरियाणा द्वारा कैलाशवंती उर्फ कैलाशो के केस को उचित मानते हुए जिला पुलिस द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए कैलाशवंती उर्फ कैलाशो को जेल में रखने के आदेश जारी किए। गृह विभाग, हरियाणा के आदेशों की पालना करते हुए एएनसी स्टाफ प्रभारी मनोज कुमार द्वारा कैलाशवंती उर्फ कैलाशो निवासी करतारपुरा को 30 अप्रैल को हिरासत में लेकर जिला जेल सुनारियां में बंद कराया गया। यह चौथा मामला है जब रोहतक पुलिस द्वारा पीआईटीएनडीपीएस के तहत आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा आगे भी आदतन अपराधियों के खिलाफ इस प्रकार की कार्यवाही की जाती रहेंगी। कैलाशवंती उर्फ कैलाशो निवासी करतारपुरा आदतन अपराधी हैं जो बार-बार जमानत पर बाहर आकर दोबारा से नशे का अवैध व्यापार करना शुरू कर देती है।

### आरोपी कैलाशवंती का आपराधिक रिकार्ड

*सन 2022 से नशे का अवैध व्यापार कर रही है। कैलाशवंती के खिलाफ थाना शहर में 4 मामले दर्ज हैं। जून 2022 में कैलाशवंती को 4 ग्राम हेरोइन सहित क़ाबू किया था, जिसे अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। बाद में कैलाशवंती को अदालत से जमानत मिल गई। इसके बाद सितंबर, 2022 में कैलाशवंती को 88 ग्राम हेरोइन सहित काबू किया गया। बाद में जमानत पर आने के बाद अप्रैल, 2023 में कैलाशवंती को 40 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2024 में कैलाश को 6 ग्राम हैरोइन सहित क़ाबू किया गया था। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। अदालत से जमानत पर आने के बाद महिला आरोपी द्वारा फिर से नशे का कारोबार शुरू किया गया। पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ निरंतर कार्यवाही की जा रही है। नशीले पदार्थों का अवैध कारोबार करने वाले के खिलाफ निरंतर छापेमारी करते हुए सामान बरामद किया जाता है। जिसके बाद सामान को सक्षम प्राधिकारी व प्रशासन के माध्यम से कुर्क कराया जाता है। चल संपत्ति को जब्त किया जाता है तथा अचल संपत्ति को अटैच किया जाता है। पुलिस द्वारा इससे पहले पीआईटीएनडीपीएस के तहत अनिल उर्फ लीला, राजकला व रानी के खिलाफ कार्यवाही की जा चुकी है।*

## एचडी स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया लेबर्स डे

- बच्चों ने श्रमिकों की भूमिक को लेकर गीत व नृत्य किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर में कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के छात्रों द्वारा श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य में एक सुंदर एवं प्रेरणादायक सभा का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर स्कूल निदेशक सुरेंद्र फोगाट, शैक्षणिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट, प्रधानाचार्य दुलाल देब एवं समस्त स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे। सभा का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा श्रमिकों के सम्मान में प्रस्तुत गीत व नृत्य से हुआ। बच्चों ने श्रमिकों की भूमिका, मेहनत और समाज में उनके योगदान पर आधारित अद्भुत नृत्य की प्रस्तुति दी, जिससे सभी दर्शकगण अभिभूत हो उठे। निदेशक सुरेंद्र फोगाट ने श्रमिकों को समाज का असली निर्माता बताते हुए उनके योगदान को सराहा। शैक्षणिक निदेशक कृष्णा बल्हारा फोगाट ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। प्रधानाचार्य दुलाल देब ने कार्यक्रम की सफलता के लिए छात्रों व शिक्षकों का ज्ञापित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में श्रम के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना और उन्हें श्रमिकों के महत्व से अवगत कराना था, जो पूर्णतः सफल रहा।



## द आर्यन ग्लोबल स्कूल में मजदूरों को दी बधाई

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल में श्रमिक दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल के बच्चों ने विशेष प्रातः कालीन सभा का आयोजन करके स्कूल मे कार्यरत मजदूरों को बधाई दी व उनका धन्यवाद किया। बच्चों ने श्रमिकों को तोहफे व कार्ड बांटे। स्कूल श्रमिकों को गतिविधियां कराई गई। सभी श्रमिकों का हौसला देखने लायक था। विद्यार्थियों ने भाषण बाजी और कविता वाचन करके सभी का मन जीत लिया। स्कूल प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने श्रमिक दिवस का महत्व समझाया व इस बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी बच्चों को श्रमिकों का आदर करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा विद्यार्थियों ने गीत प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य आरके खन्ना ने स्कूल में कार्यरत स्टाफ सदस्यों की तारीफ करते हुए उनका धन्यवाद किया व बच्चों को श्रमिकों के साथ आदर से पेश आने के लिए प्रेरित किया।

## संगोष्ठी का आयोजन



**रोहतक।** नागरिक मंच द्वारा सामुदायिक केंद्र सेक्टर 3 में संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सुखबीर माथुर ने की। प्रतिभागियों ने आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राजबीर बजाड़ ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए एकजुट रहने की अपील की। दीपक मलिक ने कहा कि इस प्रकार की चर्चाएं जगह-जगह पर करते हुए लोगों में भाईचारा बनाए रखने की ज़रूरत है। कैप्टन शमशेर सिंह मलिक, कदम सिंह अहलावत, महिपाल गिल, सुखबीर हुड्डा, सुखबीर, सविता मलिक आदि ने भी विचार रखे।

## एसजेके कॉलेज के एनसीसी कैड़ेटस ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में मारी बाजी

**रोहतक।** सत जींदा कल्याणा महाविद्यालय कलानौर के एनसीसी यूनिट के 20 कैड़ेटस ने बीआरसीएम, बहल, भिवानी में 17 से 26 अप्रैल तक लगाए गए 10 दिवसीय वार्षिक प्रिशक्षण शिविर में भाग लिया। शिविर के दौरान कैड़ेटस ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रस्साकशी, वालीवॉल, स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी उन्होंने कैडेट कार्तिक व यशवीर द्वारा बी प्रमाण पत्र की परीक्षा में ए ग्रेड प्राप्त करने पर विशेष रूप से सराहना की तथा भविष्य में इस तरह की प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी यूनिट के एएनओ कैप्टन डॉ. विकास कुमार, डॉ. दीपा जुनेजा व संजय खीथा मौजूद रहे। साथ ही महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के द्वारा स्टूडियों छिबली आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 24 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक की भूमिका डॉ. चेतना व शिफाली ने निभाई। प्राचार्य डॉ. नरेश कुमार दुआ ने विजेताओं की प्रंशसा की। इस कार्यक्रम का आयोजन वाणिज्य विभाग से डॉ. हरीश चन्द्र, डॉ. पायल गुलाटी, डॉ. नीरज रानी व कुमारी तान्या ने किया।





## विकल्प पब्लिक स्कूल में मजदूर दिवस पर विशेष सभा आयोजित

**रोहतक।** विकल्प पब्लिक स्कूल में 1 मई 'मजदूर दिवस' के अवसर पर प्रातः कालीन विशेष सभा का आयोजन जैस्मीन सदन द्वारा किया गया। इस सभा में स्कूल में नियुक्त सभी स्पोर्टिंग स्टाफ को भी आमंत्रित किया गया। जैस्मीन सदन से महक ने भाषण दिया। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियो द्वारा /"हमारा सलाम आपको/" मधुर गीत गाया। कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने /"हम मजदूर/" गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए 'कम्यूनिटी हेल्पेरस' थीम पर /"फैशन शो/" का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चे किसान, अध्यापक, डॉक्टर, मिल्कमैन, पोस्ट्मैन, पुलिसमैन, फायरमैन आदि की वेशभूषा मे आए। प्राचार्या किरन पाहवा द्वारा सभी स्पोटिंग स्टॉफ का धन्यवाद किया गया व बच्चों को भी समझाया कि हम सभी को अपने आस-पास मौजूद कम्युनिटी हैल्परस का आदर व धन्यवाद भी करना चाहिए। स्कूल प्रबंधन कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह, प्राचार्या किरन पाहवा और मंजू द्वारा सभी स्पोर्टिंग स्टाफ को 'टोकन ऑफ थैंक्स' रूप में उपहार वितरित किए। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के निदेशक सुखबीर सिंह, किरन पाहवा, कोडिनेटर मंजु आदि मौजदू रहे।

## एचडी स्कूल में क्रिकेट स्पर्धा, बस परिचालकों की टीम ने चालकों की टीम को हराया

**महम।** एच.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल खेड़ी महम में लेबर डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। स्कूल प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने बताया कि लेबर डे के उपलक्ष में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी से केजी के बच्चों ने सभी चतुर्थ क्लास कर्मचारियों को थैंक यू कार्ड देकर उनका आभार व्यक्त किया तथा विभिन्न रंग बिरंगे परिधान व वेशभूषा के माध्यम से डॉक्टर, इंजीनियर,वकील, पुलिस ,फौजी, चालक परिचालक इत्यादि के योगदान को देश के गौरव का अहम हिस्सा बताया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में स्कूल बसों की चालकों और परिचालकों के बीच एक मैत्री क्रिकेट मैच भी खेला गया।। जिसमें परिचालकों की टीम विजयी रही। मैन आफ दी मैच का अवार्ड वीरेन्द्र परिचालक को दिया गया। स्कूल निदेशक कुलवंत नहरा व प्राचार्या शालिनी गुप्ता ने अपने संबोधन में सभी को लेबर डे की शुभकामनाएं दी व इनके योगदान को सराहा। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हमें सभी लेबर्स का सम्मान करना चाहिए। इस मौके पर स्कूल सचिव संजीव छिल्लर, उपप्राचार्या इंदु नहरा के साथ समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



**महम।** क्रिकेट मैच में विजेता व उपविजेता रही टीमों के खिलाड़ियों के साथ एचडी स्कूल खेड़ी महम के डायरेक्टर व शिक्षक।



## एमडीएन विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया श्रमिक दिवस

**रोहतक।** एमडीएन पब्लिक स्कूल में श्रमिकों के योगदान को सम्मानित करने के लिए श्रमिक दिवस धूमधाम से मनाया गया। उनके सम्मान में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। नौवीं कक्षा के छात्रों ने एक लघु नाटिका का मंचन किया, जिसमें दिखाया गया कि उनके अथक प्रयासों और कड़ी मेहनत से ही हमारा देश और समाज प्रगति कर रहा है। विद्यालयप्राचार्या मीनू टहल्यानी ने सभी सहायक कर्मचारियों को उपहार भेंट करके उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण को सम्मान दिया। संस्कृत अध्यापिका संगीता खुराना ने उनके श्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके योगदान के बिना हमारा कोई भी कार्य सिद्ध नहीं हो सकता। हमें इनकी मेहनत का सम्मान करना चाहिए। प्राचार्या ने कहा कि यह समाज की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है, हमें इनका हर तरह से सहयोग करना चाहिए और उनकी मूलभूत आवश्यकताओं का ध्यान रखना चाहिए। प्राचार्या ने उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। सभी सहायक कर्मचारियों ने प्राचार्या का आभार प्रकट किया।

## पठानिया स्कूल में सहायक कर्मचारियों को सम्मानित कर मनाया श्रम दिवस

- कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने विशेष कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



पठानिया पब्लिक स्कूल में अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के महत्त्व को प्रतिपादित करना व श्रम की महत्ता को उजागर करना था। इस अवसर पर मंच संचालन शिक्षिका किरण वर्मा व पूनम भाटिया के दिशा-निर्देशन में दर्श, रेतैन्या, हिमाक्षी व दिशिता द्वारा बड़ी खूबसूरती से किया गया। कक्षा चार व पांच के बच्चों ने मजदूर दिवस पर 'आओ मिलकर हाथ बढ़ाएं' का संदेश देते हुए समूह गान प्रस्तुत किया। लावण्या, नव्या ध्रुव मुंजाल ने अपने भाषण द्वारा श्रमिकों के योगदान के बारे में बताया। कोम्या व चाहत खूबसूरत भाव-भंगिमाओं के साथ कविता प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कक्षा पांच के बच्चों की 'हमारी अधूरी कहानी ' गाने पर नृत्य प्रस्तुति देखकर सभी मस्ती से झूम उठे। लघु-नाटिका द्वारा विद्यार्थियों ने श्रमिकों की मेहनत को दिखाते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी सहायकों को पुष्प, मिष्ठान इत्यादि भेंट कर सम्मानित किया गया। सह-कर्मचारी संतोष ने विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया। स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया ने बताया कि श्रम का सम्मान ही सच्चा सम्मान है और किसी भी राष्ट्र का विकास बिना श्रमिकों के संभव नहीं है। इस अवसर पर स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा, सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी मौजूद रहे।

**चर्चा** | जीएसटी विभाग ने अभियान को लेकर बैठक का किया आयोजन

# एकमुश्त समाधान योजना के बारे में व्यापारियों को करें जागरूक : कराधान आयुक्त

अधिवक्ताओं व चार्टर्ड अकाउंटेंट को योजना के तहत आवेदन करवाने के लिए किया उत्साहित



**रोहतक।** एकमुश्त समाधान योजना के लिए व्यापारियों जानकारी देते उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्रीकर) अमिता तंवर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्रीकर) अमिता तंवर ने प्रदेश सरकार के जीएसटी विभाग द्वारा चलाए जा रहे एकमुश्त समाधान योजना के अभियान के तहत अपने कार्यालय में स्थित तीसरी मंजिल पर आबकारी एवं कराधान विभाग में वीरवार को बैठक ली। इसमें एसोसिएशन के अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट, विभाग के सभी अधिकारी व कर निरीक्षक मौजूद थे। तंवर ने विभाग द्वारा चलाए जा रहे एकमुश्त समाधान योजना की बारीकियों बारे जानकारी दी। तंवर ने अधिवक्ताओं व चार्टर्ड अकाउंटेंट को एकमुश्त समाधान योजना के तहत आवेदन करवाने के लिए उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को इस योजना बारे जागरूक करें, जिससे अधिक से अधिक व्यापारी इस योजना का लाभ ले सके।

### इन बिंदुओं पर चर्चा

अमिता तंवर ने कहा कि पहले स्लैब के तहत 10 लाख रुपए तक के बकायादार को एक लाख रुपए की टैक्स छूट और कोई ब्याज व पेनल्टी नहीं देनी होगी। शेष टैक्स राशि का 40 प्रतिशत ही जमा करके निपटारा हो जाएगा। दूसरे स्लैब के तहत 10 लाख रुपए से 10 करोड़ रुपए के बकायादार को ब्याज और पेनल्टी नहीं देनी होगी। शेष टैक्स राशि का 50 प्रतिशत ही एकमुश्त या फिर 2 किश्तों में भुगतान कर सकते हैं। तीसरे स्लैब के तहत 10 करोड़ रुपए से ज्यादा के बकायादार को सिर्फ ब्याज और पेनल्टी पर छूट के अलावा अन्य कोई छूट नहीं मिलेगी। उन्हें टैक्स राशि का शत-प्रतिशत जमा करना होगा। इस अवसर पर अधिवक्ताओं के प्रधान विनोद गर्ग, जनरल सेक्रेटरी नीरज तायल, सुरेश जैन सहित अन्य गणमान्य अधिवक्ता व चार्टर्ड अकाउंटेंट उपस्थित रहे।